॥ ओ३म् ॥

ज्योतिमाला- 8

मय— अन्धकार से प्रकाश की ओर चल

मय— असत्य से सत्य की ओर चल

च्ची-बातें

इजहारे हकीकत

[इस्लाम–मुसलमान और कुर-आन की तस्वीर]

प्रथम भाग

लेखक

पं० भगवान शर्मा आर्य

“वेद पथिक” मर्मज्ञ-ए-कुर-आन

क्षमा याचना

सज्जन वृन्द !

यह पुस्तक कुछ समय और पहले आपके हाथों आ जाती परन्तु तरह-तरह की बाधाओं ने ऐसा नहीं होने दिया। फिर, बहुत सावधानी के पश्चात भी उर्दू शब्द के कारण जहाँ-तहाँ छपाई की अशुद्धियाँ रह गयीं। कृपया संशोधन तालिका से सहायता लेकर पढ़ें। इस ताने-बाने में जो भी आपको कष्ट हुआ है। इसके लिए हम क्षमा याचना करते हैं।

मुद्रक— कल्याण प्रेस, ढाका (पू० चम्पारण)

संशोधन तालिका

पृ० सं०	अशुद्ध	शुद्ध	पृ० सं०	अशुद्ध	शुद्ध
२	एक गय	एक राय	१५	ह० वसूल	ह० मु० रसूल
४	रयिन्तिधारय	रयिन्रिधारय	१६	की की	भी
४	कुरसाँ	कुरआँ	१६	इलिनान	इत्मिनान
४	मुजस्सिन	मुजस्सिम्	१६	हमीम	हकीम
६	वादेमनता	बाद में बना	१८	जाहिर	हाजीर
७	इलिनान	इत्मिनान	१९	खारा	खास
८	खारा	खाश	२१	इस पर इस पर	इस पर
८	आदमी जगह	आदमी की जगह	२२	बे	के
			२४	करने	मरने
८	वरार	बशर	२८	रूजर हूरें	सत्तर हूरें
८	,,	,,	२९	कर्वानी	कुर्वानी
११	उनसे	उसने	३८	के जगह पर	४० पेज नं0 है
१३	करणों	करणों			
१४	उसके कर्मों की उसके कर्मों की	उसके कर्मों की			

★

भूमिका

प्रिय पाठक वृन्द ! मैं अपनी ज्योतिमाला के चतुर्थ पुष्प कुर-आन, इस्लाम और मुसलमान नामक अपनी इस लघु पुस्तिका के द्वारा आपका ध्यान इस तथ्य (हकीकत) की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि प्रातः स्मरणीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती ने जब अपने अमर ग्रन्थ 'सत्यार्थ प्रकाश' के चौदहवें समुल्लास में इस्लाम के मान्य धर्म ग्रन्थ कुर-आन शरीफ के उन वशुलों के खिलाफ कड़ी आलोचना (नुक्ताचीनी) की जो ईश्वरीय ज्ञान 'वेद' विज्ञान सृष्टि, नियम, प्रकृति (कुदरत) और युक्ति, तर्क के खिलाफ है।

उस समय मुस्लिम वर्ग ने स्वामी दयानन्द सरस्वती और आर्य समाज को जो भी मन में आया खोटा-खरी कह कर पुकारा। मुसलमानों को क्या पता कि ऋषि दूरदर्शी हुआ करते हैं और उनकी वाणी सत्य हुआ करती है। "वृथा न जाहिं देव ऋषि वाणी।"

यही तक नहीं सिन्ध प्रान्त के मुस्लिम शासक ने सत्यार्थ प्रकाश पर प्रतिबन्ध (जप्ती) लगाकर अपनी अदूरदर्शिता और संकीर्णता का भी परिचय दिया। जो आखिर में आर्य समाज के कड़े विरोध से मजबूर होकर सिन्ध सरकार को झुकना पड़ा और प्रतिबन्ध तोड़ना पड़ा।

पाठक देखेंगे आज वही मुस्लिम वर्ग किस प्रकार जहालत से ऊपर उठकर ऋषि दयानन्द महाराज की बातों की ओर झुकता जा रहा है और आर्य समाज के सर्व कल्याणकारी सिद्धान्तों को कुबूल कर अपने इस्लामी धर्म को समझता जा रहा है।

कुर-आन, इस्लाम और मुसलमान इन तीनों में परस्पर (आपस में) मतैक्य (एकराय) नहीं है। कुर-आन की बहुत सी बातें इस्लामी वशुल के खिलाफ है, इसी प्रकार इस्लाम की बहुत सी बातें कुर-आन के वरखिलाफ है और कुर-आन तथा इस्लाम के बहुतेरे वशुलों के खिलाफ मुसलमानों का अपना व्यवहार (आचरण) है। जिस प्रकार 'हिन्दू' समाज का भी आचरण है।

कुछ समझदार, नेक-ईमानदार, खुदापरस्त मुसलमानों का ईमान भी कुर-आन की कतिपय (किसी-२) बातों पर मानने के कायल नहीं है। यही वजह है कि १८७५ से १९७५ के दरमेयान कुर-आन का अर्थ (तरजुमा) क्रमशः (लगातार) बदलता गया है। पुराने अर्थों (तरजुमें) के बावजूद भी कुर-आन के अनेक नये तरजुमा (अर्थ) हो चुके हैं।

इस प्रकार की तबदीली (बदलने) का कारण है। एकमात्र महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा कुर-आन पर की गई सच्ची (हकीकत) समालोचना।

स्वामी दयानन्द महाराज एवं आर्य सभाज के द्वारा सबसे ज्यादा फायदा अगर किसी ने उठाया है तो मुसलमानों ने उठाया है। कतिपय (बाजे) मुस्लिम विद्वानों ने 'वेद' के हकीकत (सच्चाई) को समझा और कुर-आन के अर्थों (तरजूमें) में काफी सुधार लाकर

उसे 'वेद' के नजदीक लाने की भरसक कोशिश किया है जो सराहनीय है।

किन्तु दूसरी ओर तथा कथित (सनातनी) तो नाना हिन्दू जाति और नाना मार्गो (स्वकल्पित) के दल-दल में धंसकर पुराण (अनर्गल) के ही गुलाम बने रहना पशन्द कर अपने धर्म और संस्कृति को ही मिटाने में लगे हुए हैं।

इस छोटी सी पुस्तिका में पाठक देखेंगे कि इस्लामी दुनिया ने किस प्रकार कुर-आन का नया अर्थ (तरजुमा) करके 'वेद' के समकक्ष (नजदीक) लाने का प्रयत्न (कोशिश) किया है।

यह पुस्तिका (किताब) किसी के विचार पर हमला करने या किसी के दिल दुखाने के इरादे से नहीं बल्कि हकीकत (सच्चाई) की जानकारी के लिए लिखी गई है।

आशा है, पाठक ! इसी नजर से इसे देखने-समझने, पढ़ने और मनन करने का कष्ट फर्मायेंगे।

—लेखक

ओ३म्

इन्द्र शुद्धो न आगहि शुद्धः शुद्धाभिरूतिभिः।
शुद्धों रयिन्तिधारय शुद्धों ममद्धि सोम्या॥

अर्थ—हे दीन दयालु (रहमाने रहीम) भगवन् ! आप सदा पवित्र स्वरुप (पाक परवर दिगार) और पवित्र (पाक) करने वाले हो, हमको पवित्र बनाओ। खान-पान आदि व्यवहार के लिए हमें पवित्र धन (पाक दौलत) दो, जिससे हम पवित्र रहते हुए, आपके प्यारे सच्चे भक्त (नेक और हकीकत वन्दे) बनें और अपने सहवासी (पड़ोसी) भाईयों (बिरादरानों) को भी पवित्र सच्चे भक्त (इवादतगार) बनाते हुए सुखी रहें।

ईश्वर का स्वरूप—पाठक को सर्व प्रथम यह जान लेना चाहिए कि भगवान (अल्लाह, गौड) एक है, वह निराकार है, जन्म मरण से रहित और सर्व व्यापक है। वह हर जगह मौजूद है। उसका कोई एक जगह स्थान नहीं है। इस बात को इस्लाम इस प्रकार से वयान करता है कि 'हाजिरो नाजीर खुदा है, हर जगह व्यापक है वो है वह अजली (सनादि) और अवदी (अनन्त) लाफ़ना (अविनाशी वो ला मकाँ।'

इस माने में 'वैदिक धर्म' और 'इस्लाम' दोनों एक जगह आ जाते हैं। 'है मगर तालीमें कुरसाँ बिलकुल इसके वरखिलाफ (उल्टा) है। वह (अल्लाह) महदूदों मुजस्सिन (शरीरी) और मुकि आसमाँ।' सातवें आसमान पर रहने वाला)।

पाठक ! देखेंगे कि इस्लाम का वशुल बतलाता है कि अल्लाह हर जगह है वह जर्रे-जर्रे में है, यहाँ भी है और वहाँ भी है, उससे कोई जगह खाली नहीं है।

किन्तु कुर-आन बतलाता है कि वह सातवें आसमान पर रहता है। वह तख्त (सिंहासन) पर बैठता है। कयामत (प्रलय) के दिन खुदा इजलास (दरबार) लगायेगा। वहाँ रुहें कब्रों से उठकर आयेंगी उसके पास और अल्लाह उनकी नेकी और बदी का फैसला करेगा। अल्लाह तख्त पर बैठा होगा जिसे फरिस्ते उठाते हैं। अल्लाह दोज़ख (नरक) को भरने के लिए उसमें अपनी टांग डालेगा। इत्यादि बातें यह साबित करती हैं कि अल्लाह शरीरधारी है और सातवें आसमान पर रहता है। हजरत मुहम्मद साहब का-'बुराक' (उड़ने वाला परदार घोड़ा) पर सवार होकर आसमान में जाना पास अल्लाह के–यह दास्तान भी यही साबित करता है कि अल्लाह ताला सातवें आसमान पर ही रहते हैं। हर जगह नहीं।

नमाज—कुरआन के अन्दर अल्लाह तआला फरमाते हैं कि पुकारो अपने रब (अल्लाह) को सुबह और शाम, रात के पिछले हिस्से में अर्थात् दो वक्त नवाज अदा करो सुबह (चार बजे) और शाम को सूर्यास्त के बाद। किन्तु मुसलमान पाँच वक्त नमाज पढ़ते हैं, जिसका कुरआन में जिक्र नहीं।

लाशरीक—कुरआन तालीम देता कि अल्लाह के काम में कोई शरीक (साझेदार) नहीं है क्यों कि वह लाशरीक है। 'अल्लाह में साझेदारी मानना गुनाह है।'

॥सू० अन निसा–पा० ५–आ० ४१॥

मगर इस्लाम और मुसलमानों ने इसके खिलाफ अल्लाह के पाक कलमा 'लायलाय इल्लिलाह' में 'मुहम्मद उर्रसूलल्लाह' जोड़ कर हजरत मुहम्मद साहब को शरीक कर डाला है। जब कि कुरआन ने हिजायत (मना) किया हैं कि 'मत पुकारो साथ अल्लाह के किसी को' ॥ मं० ७–शी० २९–सू० ७२ ॥

इसके अलावे वे कयामत के रोज फरिस्तों की गवाही, आँख, कान, हाथ पैर आदि की गवाही तथा हजरत मुहम्मद साहब की मध्यस्थता (पैरवी) को भी स्वीकार करता है 'वक्सा न जायेगा कोई वहाँ पर, मुहम्मद का जबतक इशारा न होगा' इस प्रकार लाशरीक अल्लाह को शरीकदार बना डाला है।

पैदाइस—कुरआन का वसुल (मान्यता) है कि दुनिया बनने के पहले (पूर्व) सिवा अल्लाह के और कुछ नहीं था। 'कुछ न था सिवा अल्लाह तआला' लेकिन इस्लाम बड़े फक्र के साथ यह कबूल करता है कि अल्लाह तख्त पर बैठता है, वह तख्त नसीन है। यह बात साफ तौर पर जाहिर करता है कि अल्लाह के साथ तख्त भी कायम था। तो फिर यह फर्माना कि दुनिया बनने के पहले सिवा अल्लाह के दूसरा कुछ नहीं था यह बात गलत साबित होती है।

अगर यह माना जाय कि तख्त 'पैदाशुदा' है (वादेमनता) तो खुदा तख्त नसीन नहीं रहता और अगर तख्त कदीम (अनादि) माना जाय तो पैदाइशी वशुल की 'कुछ न था सिवा अल्ला तआला' यह गलत होता है। तआज्जूब है इस परस्पर विरोधी बातों पर, चिंतन करें।

कून्न—कुरआन इस बात को जाहिर करता है कि खुदा को दुनिया बनाना होता है तो यह नही कि बनाना पड़े। वह कह देता है 'कून्न' (होजा) बस दुनिया बन जाती है। लेकिन कुरआन और इस्लाम दोनों यह भी मानते हैं कि अल्लाह ने छव रोज में जमीं और आसमाँ को बनाया और सातवें रोज सातवें आसमाँ पर अपना मुकाम ठहराया। मुसलमान भी इसपर अपना इमान कायम रखते हैं। पता नहीं इस परस्पर विरोध में 'कून्न' शब्द की आवाज कहाँ गुम हो गयी। माकूल जवाब नहीं मिल पाता जो काबिले इत्मिनान हो।

आदम—कुरआन शरीफ का वशुल है कि हजरत आदम की उत्पति मिट्टी से है। आदम और हौव्वा के बारे में जो बाइबील और कुरआन का वर्णन है। वह इस प्रकार है—'अल्लाह ने मिट्टी से आदम के पुतले को बनाया और उसके नथनों (नाकों) में रूह (आत्मा) फूंका वह जिन्दा हुआ। आदम के बायें फसली की हड्डी से हव्वा (आदम की बीबी) को बनाया इस्लाम का कहना है कि इन्हीं आदम और हव्वा की सारी दुनिया के इन्दान औलाद (सन्तान) है और यही आदम पैगम्बरी दुनिया का पहला पैगम्बर और पहला आदमी है। लेकिन कुरआन के पुराने और मशहूर भाष्यकार (तर्जुमेंकार) शाह शफीउद्दीन साहब अपनी कुरआन के तरजुमें (अर्थ) में फर्माते हैं कि अल्लाह तआला ने आदम नहीं आदमी को मिट्टी (जमीन) से पैदा किया। वे लिखते हैं कि कुरआन में अल्लाह फर्माते हैं 'और अलबज़ा तहकीक पैदा किया हमने आदमी को बजने वाली मिट्टी, जो बनी हुई कीचड़ सड़ी हुई से' 'और जब कहा परवर दिगार तेरे ने वास्ते फरिस्तों के 'तह-

कीक मैं पंदा करने वाला हूं आदमी का बजने वाली मिट्टी जो बनी थी कीचड़ सड़ी से'।

पाठक ! कुरआन में अल्लाह आर जनता और फरिस्तों से फर्माया है कि मैंने मिट्टी (जमीन) से आदमी (मनुष्य) को बनाया है। लेकिन इस्लामी दुनिया ने आदमी को आदम में शुमार कर गलत रास्ता अपना लिया।

अल कुरआन में टिप्पणी (नोट) करते हुए लिखा है कि मिट्टी पानी से तर की और उसमें खमीर उठा कि खन-खन बोलने लगी, वह वदन (शरीर) हुआ इन्सान (मनुष्य) की उसकी (मिट्टी की) खाशियत है। असर सख्ती (कड़ापन) और बोझ (वजन-भार) रह गई इन्सान में।

यहाँ पर साफ तौर पर जाहिर किया गया है कि अल्लाह ने जमीन के बुलबुले से इन्सान को पैदा किया न कि आदम नाम के किसी खास आदमी को पैदा किया। पाठक ! देखेंगे कि किस प्रकार तोड़-मरोड़ कर आदमी के दास्तान को आदम के दास्तान में बदला गया है।

'वेद' भी यही बतलाता है कि परमात्मा ने शुरु दुनिया में बहुत से मानवों (इन्सानों) को पैदा किया वनस्पति की भाँति कुरआन मजीद में भी कहा है 'और अल्लाह ने उगाया तुझको जमीन से'

अशरफ अली ने अपनी कुरआन भाष्य (तरजुमें) में आदमी जगह 'बशर' शब्द का इस्तेमाल किया है। 'बशर का माने भी आदमी ही होता है। अशरफ अली ने भी आदम नहीं माना है आदमी ही माना है।

मौलवी मुहम्मद अली कुरआन भाष्य में मिट्टी और आग से (जिससे फरिस्ते पैदा हुए) उत्पति का वर्णन अलंकारिक (इस्तेआरा) माना है हकीकत नहीं। वे आगे लिखते हैं कि आदम मिट्टी या धूल से नहीं पैदा हुए बल्कि मिट्टी के सार जिसमें जीवन तत्व हो। आदम की कहानी हर आदमी की कहानी है।

तफसीर अल कुरआन—बिल्कुरान के लेखक मौलवी अब्दुल हकीम, मौलाना अशरफ अली, मौलवी मुहम्मद अली, इन तीनों मौलवियों ने अपने भाष्य में मनुष्य की उत्पति (पैदाइसी) मिट्टी साफ से मानी है। कुरआन का मूल शब्द है 'सुलालत' सुलालत का तीन अर्थ होता है सनीहुई (वजता) खुलासा और साफ। मौ० सनाउल्लाह ने भी साफ मिट्टी से माना है। मौ० असरफ अली अपनी कुरान भाष्य के 'नोट' में लिखते हैं कि—'आँ हजरत ने फर्माया है कि, खुदा ने आदम के पुतले को रूए जमीन की मिट्टी से खुलासा (जौहर) से बनाया, जिसमें नरम, सख्त, बुरी, अच्छी, हर किस्म की मिट्टी शामिल थी।' फिर उसमें रूह डाल दी। जन्नत में दाखिल होने से पहले हव्वा को आदम की बायें फसली से पैदा किया (यहाँ हव्वा के अन्दर रूह डालने का कोई जिक्र नहीं किया गया है)।

पाठक देखेंगे कि हजरत मुहम्मद साहब के बयान के खिलाफ ही शाह सफीउद्दीन ने जाहिर किया है। जिस आदम की कहानी की इस्लाम के अन्दर चर्चा है उसे भी हकीकत नहीं माना गया है। मौ० शाह का यह भी कहना है कि कुरआन ने यह नहीं

जाहिर किया है कि आदम कब, कैसे, और कहाँ पैदा हुआ और न वह पहला आदमी ही था।

'इब्न-ए-अरबी, लिखते हैं कि—हमारे आदम से पहले (पूर्व) ४० हजार वर्ष—एक और आदम था।'

'महान मुस्लिम धर्म शास्त्री मुहम्मद बिन अली अल बाकिर बताते हैं कि—'हमारे आदम (अव्वा) से पहले लाखों आदम पैदा हो चुके हैं।'

'इमामिय्यह सीया ने लिखा है कि—'हमारे आदम से पूर्व (पहले) ३० आदम हो चुके हैं।'

पाठक ! यह है आदम के बारे में इस्लामी दुनिया की अटकल बाजी जो एक ख्याल मात्र है।

वास्तविक (हकीकत) बात यह है, जिस आदम की चर्चा बाइबल और कुरआन में आई हुई है, वह हकीकत में आदम नहीं आदमी की कहानी है। क्योंकि हकीकत ईश्वरीय किताब कला में पाक, शुरु दुनिया का दिया हुआ 'इलहाम' (ज्ञान) 'वेद' बतलाता है कि शुरु दुनिया में परमात्मा ने लाखों-लाख इन्सान को बनस्पति की तरह जमीन से पैदा किया, (एक अरब, सन्तानवें करोड़, उनतीस लाख, उनचास हजार, आठ सौ वर्ष हुए) अस्तु, ऊपर के बयानों से यह साफ-साफ जाहिर हो जाता है कि—आदम-न-पहला आदमी हैं और-न-सारी दुनिया उस एक आदमी की औलाद है। मुसलमानों का यह यकीन सरासर गलत फहमी की ओर है। इस विज्ञान के युग में जहालत से ऊपर उठने की जरुरत है।

हव्वा—मौ० मु० अली फर्माते हैं कि हव्वा आदम के फसलो की हड्डी से नहीं बनाई गई—वलिक उस तत्व से पैदा की गई जिस तत्व से आदम (आदमी) पैदा हुए थे।

पाठक! आपने देखा कि हव्वा की कहानी भी एक कल्पना (ख्याल) और भ्रामक की कहानी बन कर रह गई—हकीकत नहीं।

शैतान—मौ० मु० अली, मौ० अब्दुल हकीम तथा मौ० मु० नुरुद्दीन काश्मीरी आदि का कहना है कि 'शैतान' का मतलब है नेकी, बदी या नेकी बदी कराने वाला इन्सान का अपना ख्याल अमाल (विचारादि) जो मरने के समय इन्साम को उसी प्रकार ले जाता है। ऐसा माना है। यह है वैदिक वशुल मानसिक संस्कार जो इन्सान को नेकी वदी करने को मजबूर करता है, कोई अलग शैतान नहीं है। शैतान का मानना (जैसा कुरआन में आया है) खुदा के मुकाबले एक दूसरा खुदा का मानना है। यह एक गुनाह है इस पर अमल करनी चाहिए।

जिन्न—इस्लामी दुनिया में जैसे शैतान को 'गुम' (अदृश्य) मानता है, वैसे ही उनसे 'जिन्न' को भी गुम रहने वाला माना है। लेकिन मौ० मु० अली ने अपनी कुरआन भाष्य (तरजुमा) में जिन्न को मनुष्य ही माना है। वे लिखते हैं कि—निसन्देह इस्रायलियों के अधिकता में आई हुई परिश्रमशील अनइस्राली जातियाँ ही जिन्न थीं।

दूसरे स्थान पर कुरआन भाष्य में आया है कि वे लोग अनस्रायली 'शिल्पी' (कारीगर) थे जिन्हें सुलेमान ने मन्दिर बनवाने में लगाया था, वे लोग विदेशी थे।

यह है 'वेगुमा' जिन्नों की (शिल्पियों की) हकीकत कहानी जिसे मुसलमानों ने 'जिन्न' नाम का काल्पनिक भूत, प्रेत मान कर इन्सान को गुमराही रास्ता दिखलाया :

कयामत—मुस्लिम जगत का वसूल है कि, इन्सान न पहले था और न मरने के बाद फिर दुनिया में आयेगा। इन्सान पहली पहल इस दुनिया में आया है। इस प्रकार इस्लामी पुनर्जन्म (दुबारा पैदा होना) को नहीं मानता है।

हाँ ''वह इतना जरूर मानता है कि—कयामत (प्रलय) के रोज तमाम मरे हुए (शुरु दुनिया से कयामत तक) इन्सान को अल्लाहताला फिर कब्र से जिन्दा करके उठायेगा और उनके भले बुरे कर्मों के अनुसार उन्हें दोजख (नरक) और बहिस्त (स्वर्ग) में सदा के लिए भेज देगा।

स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज ने इस पर अपना रा[illegible] करते हुए घोर आपत्ति (एतराज) की है। और ऋषि ने वह पूछा है कि कब्र में जले, गले इन्सान का शरीर फिर उसी (पहले जैसा) [illegible] में कैसे उठेगा ? इत्यादि। ऋषिवर इसे विज्ञान और अक्ल के [illegible] (खिलाफ) गलत ठहराया है।

इस आक्षेप से बचने के लिए और कुरआन की प्रतिष्ठा रखने के लिए, मौ० असरफ अली ने अपनी कुरआन भाष्य में यह [illegible] माना है कि—

'कयामत के रोज एक मेह बरसेगा और जैसे पानी [illegible] से नई प्रकार के दरख्त (पेड़ पौधे) पैदा हो जाते हैं उसी प्रकार शुरु

आदमी से लेकर कयामत तक के सभी इन्सानों के, जिस तरह के जिस्म (चमड़े) रहे होंगे उसी प्रकार अल्लाह तआला पुनः पैदा कर देगा"।

यह है कयामत की कहानी, मौ० असरफ अली की जुबानी। मुसलमान यह मानते हैं कि कयामत के रोज सबके कर्मों का निर्णय (फैसला) होगा। और हर एक के गले में उनके कर्मों का पट (तख्ती) होगा।

मौ० मु० अली ने कुरआन के इस बात को, अपनी कुरआन में, इसे बिल्कुल पलट दिया है—वे लिखते हैं कि, यह एक नियम है, जो हर क्षण काम करता है, और यह नहीं कि किसी विशेष (खास) दिन (कयामत) पर चालू होगा। इसलिए अल्लाह को, 'सरिउल हिसाबे, (शीघ्र लेखा करने वाला) कहा गया है।

'लेखा (फैसला) प्रतिक्षण (हरवक्त) चालू है।' भले, बुरे (शुभ अशुभ) के पृथक्-२ फलों का नियम प्रत्येक क्षण (हर समय) कार्य कर रहा है। कर्मों के फल रुकते नहीं। प्रत्येक बुरा कर्म मनुष्य के मन में अपनी छाप छोड़ जाता है। यहाँ तक की ज्यों ही कोई कर्म किया जाता है, त्यों ही उसका फल उसका (कर्मकर्त्ता का) पीछा करने लगता है। इस प्रकार कर्म मनुष्य पर अपना प्रभाव (असर) छोड़ जाता है' ॥मु० अली॥

पाठक ! यह है वेदिक जादू जो मुस्लिम विद्वानों के सर पर चढ़ कर ही हकीकत इजहार (सच्ची बात) कर रहा है, कि हिसाब प्रतिक्षण हो रहा है; कयामत के रोज नहीं।

कर्म पुस्तिका—इस्लामी वशुल है कि कयामत के रोज हरएक इन्सान को उसके कर्मों की उसके कर्मों की पुस्तक दीये जायेंगे। मौ० मु० अली लिखते हैं कि 'यह पुस्तक जो कयामत में मिलेगी, उसके अपने किये कर्मों के प्रभाव के और कुछ नहीं है, वह कर्म पुस्तक इन्सान के दिल के अन्दर है, जो सुरक्षित है। आगे वे लिखते हैं कि व्यक्तियों की भाँति जातियों के कर्मों के संस्कार भी उनके किये कर्मों की पुस्तक है'।

किताब—कुरआन में—'किताव'—'कतव' यह दो शब्द आया है। जिसका अर्थ मौ० मु० अली इस प्रकार बतलाते हैं—

किताब—पुस्तक—कतब—उसका लिखा।

इसके अलावा—परमात्मा का आदेश—जो कर्त्तव्य ठहराया हो—अनिवार्य ठहराया—कर्मों का सुरक्षित रखना—तथा कभी-कभी इसका अर्थ परमात्मा का ज्ञान भी हो जाता है। ऐसा लिखा है।

पाठक गण! 'वेद' का सिद्धान्त है कि परमात्मा ने शुरु दुनिया में (सृष्टि के आदि में) चार ऋषियों के हृदय में 'ज्ञान' का प्रकाश (उजाला) किया...मौ० मु० अली ने भी धीरे-धीरे उसी की ओर कदम बढ़ाना शुरु किया।

कुरआन का यह फर्माना है कि अल्लाह ने, ह० मु० साहब पर किताब उतारी...का मानी है...ज्ञान दिया न कि पुस्तक दिया। यह है वैदिक धर्म की विशेषता जिस पर आये बिना राहत नहीं।

मिजान (कर्म तुला) इस्लाम का यकीन है कि कयामत में अल्लाह कर्मों को तौलेगा तराजू से। मौ० अ० अ० का कहना है

कि यह कोई दुनियादारी तराजू नहीं है, वल्कि हर मन को बहुतायद जाँचा जायेगा—न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के अर्थ में। वास्तविक तराजू नहीं है, यह एक अलंकारिक शब्द है, जिसे मिसाल के लिए इस्तेमाल किया गया है।

मु० नुरुद्दीन कारी कश्मीरी भी यही बात इन शब्दों में वयां करते हैं—मिजान कोई पैदासुदा तराजू नहीं अपितु अल्लाह अपने अजल (अनादि) अवदी (अनन्त) होने से, हरएक इन्सान जिसने अपनी इन्द्रियों (आँख, कान, हाथ, पैर आदि) से क्या-२ नेकी और वदी की है, मिकदार (फवलानल) उन पर जाहिर कर देगा। वश यही तराजू और तौलना है। कोई हकीकत नहीं।

सूर फूंकना—मुसलमान इस बात पर इमान लाते और मानते हैं कि, कयामत के रोज एक फरिस्ता सूर फूंकेगा (मानिन्द विगूल के) और सब मुर्दे कब्र से उठकर दरबारे इलाही (खुदा के दरबार में) में इकट्ठे (जमा) हो जायेंगे।

मु० नुरुद्दीन कारी लिखते हैं कि—जिस प्रकार अल्लाह का व्यक्तित्व (शख्शीयत) है और निर्दोष है, यह निषेधक (मुमानियत) है कि कोई जाहिर तौर पर विगूल लेकर फूंके, यह 'सूर फूंकना' एक इस्तेआरा (अलंकार) है। इसका (सूर फूंकने का) मतलब है, इरादा-ए-इलाही (भगवान का संकल्प) से सब लोग उठेंगे और जमा हो जायेंगे।

पाठक ! जरा आप मौ० असरफ अली का भी मजेदार दास्तान सुनें जो उन्होंने, ह० रसूल साहब के बारे में लिखा है।

जनाव अशरफ अली अपनी कुरआन तरजुमा के टिप्पणी (नोट) में लिखते हैं कि ह० रसूल से जब सूर का सवाल आया तो आपने (रसूलने) फरमाया कि यह एक सींग है, जिसमें फूंका जायेगा (हदीस शरीफ) और सूर की हदीस में अबूहरैरा की रिवायत में आया हैं कि वह (सूर) एक सींग है, जो जमीन से आसमाँ तक बड़ा है। जिसमें इस्राफील फूंकेंगे।

पाठक वृन्द ! सूर के विषय में, मौ० अब्दुल हकीम, मौ० सनाउल्लाह, मौ० मु० अली और खुद रसूले खुदा, ह० मु० साहब की की सूर सींग में फूंकना कबूल किया है। फकत (सिर्फ) कारी कश्मीरी साहब अकेले हैं, जो इस हकीकत को जाहिर करते हैं कि 'सूर' एक इस्तेआरा (अलंकार) है, जो काबिले इलितान के हैं।

लेखक का अपना यकीन है कि हजरत रसूल साहब भी सूर को सींग के रूप में बयां किए होंगे—यह हदीस कार का अपना ख्याल होगा। क्यों कि जमीं से आसमाँ तक जिसका सींग होगा वह जानवर कितना बड़ा होगा या सींग कोई दीगर माने होगा। अन्यथा यह वास्तव में एक ख्याली पोलाव मात्र है, जिसे हदीसकारों ने पकाया है।

हाथ, पाँव की गवाही—कुरआन शरीफ में बयाँ है कि कयामत के रोज इन्सान का हाथ पाँव वगैरह उनके कुकर्मो की और सुकर्मों की गवाही देंगे, जिस पर हमारे मुस्लिम बन्धु भी बड़े फक्र के साथ बयाँ करते और इमान लाते हैं।

किन्तु श्री कारी कस्मीरी का कहना है कि—जिस प्रकार किसी वैद्य, हकीम के पास आतशक (गर्मी) का मरीज पहुँचता है,

तो वैद्य उसके आँख, कान, नाक, जीभ वगैरह को देखता है...जो साफ-साफ गवाही देता है कि—यह आतशक का मारा है। जब एक इन्सान इस प्रकार हजारों बिमारियों को जान लेता है, तो अल्लाह और 'खवीर' (सर्वज्ञ) सब जानने वाला—'जाते कवीर' (महान भगवान) के सामने कान, आँख और दिगर इन्द्रियाँ क्यों कर नहीं गवाही दे सकेगी। यह एक अलंकारिक-कहानी है, हकीकत (वास्तविक) नहीं।

पाठक वृन्द! ऊपर के दृष्टान्तों से यह साफ तौर पर जाहिर होता है कि कुरआन में आये हुए कयामत की हर एक कहानी एक अलंकारिक शब्द है और सिर्फ कल्पना है हकीकत नहीं है, इस पर अमल करनी चाहिए।

हजरत मूसा पर इल्जाम—कुरआन के अन्दर मूसा (पैगम्बर) साहब पर एक फिरऔनी के कत्ल करने का इल्जाम (जो बायबुल में है) स्वीकार किया गया है, जिसे मौ० अशरफ अली, मौ० अब्दुल हकीम, मौ० सनाउल्लाह ने भी तसदीक किया है। और माना है। लेकिन मौ० मु० अली ने इसे नहीं माना है। इनकी यह कुरआन शरीफ के बयां के खिलाफ है।

ईसा मसीह—मौ० अशरफ अली, मौ० अब्दुल हकीम मौ० मु० सनाउल्लाह ने कुरआन का हवाला देकर कुरआन के इस बात को मंजूर किया है कि—ह० ईसा मसीह—बे बाप के पैदा हुए (जैसा कि ईसाई लोग मानते हैं) लेकिन सर सैयद अहमद खाँ, मौ० मु० अली आदि। ह० ईसा मसीह को माँ और बाप से पैदा

हुआ मानकर बायबुल और कुरआन के मान्यता को अमान्य ठहराया है।

(लेखक, का अपना विचार है कि—जिस प्रकार इस्लाम, हजरत मुहम्मद साहब को सबसे बड़ा साबित करने के सबब से उन्हें 'उम्मी' (मूर्ख) मानकर अल्लाह के द्वारा (मारफत जिबरील) तालीम कराना माना है (क्यों कि पढ़ा हुआ मानते हैं तो पढ़ाने वाला गुरु का दरजा बड़ा साबित हो जायेगा) ठीक उसी प्रकार इसाई लोगों ने भी हजरत ईशा मसीह को बे बाप का साबित किया है। उनका भी यही ख्याल काम किया है कि यदि माता-पिता दोनों से पैदाइस मानते हैं, बाप का ही दरजा आला होगा।

इसलिए यह माना है कि—'गौड' (भगवान) के द्वारा ही कुमारी मरियम में गर्भ स्थापित कर ईशा मसीह को पैदा किया गया है। पर यह दोनों के दोनों (उम्मी-और-बे-बाप के) उशुल, विज्ञान और ईश्वरीय नियम (कुदरत) के खिलाफ होने से काबिले इत्मिनान नहीं है।

शूली—अल्लाह और कुरआन का हवाला देते हुए सभी मौलवी यह मानते हैं कि हजरत ईशा मसीह शूली पर चढ़ा कर मारे नहीं गये, बल्कि अल्लाह ने उन्हे ऊपर अपनी ओर उठा लिया है, और वे जिन्दे हैं, कयामत के रोज जाहिर होंगे। किन्तु मौ० मु० अली ने ऐसा नहीं माना है कि वे जिन्दे अल्लाह के द्वारा अपनी ओर ऊपर उठा लिये गये हैं। वे मानते हैं कि वे शूली पर चढ़ा कर ही मारे गये हैं, और यही हकीकत भी है। ईशाइ लोग भी शूली पर चढ़ा कर हैं।

मारा जाना मानते है। जिन्दा ऊपर उठा लेना यह भी पैदाइसी की कहानी की तरह महत्व देने जैसी बात है। वास्तविक नहीं कहा जा सकता फक्त ख्याल है।

मन्सूख (नासिख) त्याज्य वा निषेध्य को अरबी भाषा में 'मनसूख' (निषेध्य) कहते हैं और करने वाली आयतों को 'नासिख' 'निषेधक' कहते हैं।

स्वामी दयानन्द सरस्वती के पूर्व मुसलमानों के सभी साम्प्रदाय ऐसा मानते थे कि—कुरआन की कुछ ऐसी आयते हैं, जिनका इल्हाम खुदा ने पहले दिया, लेकिन आगे चलकर उसे फिर त्याज्य (नहीं मानने वाला) ठहराया। इसी को मनसूख कहा जात हैं। जिसे मुसलमान मानते हैं, वे इसका मुलाधार (खारा कारण) कुरआन शरीफ की अनेक आयतों को बतलाते हैं।

मौ० असरफ अली का तरजुमा इस प्रकार है—अल्लाह कहता है, 'हम किसी आयत का हूक्म जो मौकुफ (रोक देना) या फरामोरा (नहीं चाहना भूलादेना) कर देते हैं, तो हम उस आयत से, बेहतर या उस आयत की मिस्ल (समान) ही दूसरा ला देते हैं'।

इसी आयत का, मौ० अब्दुल हकीम का अनुवाद (तरजुमा) यह है। 'हम जो कोई आयत मनसूख करते या तर्क करते हैं, तो उससे बेहतर या उसकी मिस्ल ले आते हैं।'

मौ० सनाउल्लाह ने यह लिखा है—'जो हुक्म हम (खुदा) बदले या पीछे करें तो उससे अच्छा या उसी जैसा लाया करते हैं।' यहाँ शाह रफीउद्दीन ने, मुवाजह-उल-कुर-आन' का जिक्र

टिप्पणी में दिया है कि—इस पर (आयत हटाने पर) यहूद का ताडन (आक्षेप) था कि तुम्हारी किताब में बाजी आयत फसख (निषिद्ध) होती है, मगर जब वह भी अल्लाह की ओर से थी तो, क्या उसने (अल्लाहेन) ऐब देखा उसमें (अपनी आयत में) फिर उसे मौकूफ (२६) किया। इस पर अल्लाह तआला ने फर्माया, कि—'ऐब न पहले में था न पिछली में, पर हाकिम हर वक्त जो चाहे करेगा।'

पाठक ! कुर-आन की इस आयत तथा 'मुवाजह-उल-कुर-आन की टिप्पणी से स्पष्ट सिद्ध हो जाता है कि कुर-आन शरीफ में अवश्य ही ऐसी कुछ आयतें हैं, जो मानने योग्य नहीं हैं—मनसूख है, किन्तु मौ० मु० अली ने इसका विरोध करते हुए लिखा है कि—पवित्र (पाक) पैगम्बर की एक भी हदीस नहीं कि कुरआन पाक की कोई आयत मनसूख है। आगे चलकर मौ० मु० अली यह स्वीकार करते हैं कि—कुछ प्रमाणिक मुसलमान कुरआन में मनसूख होना मंजूर करते हैं। कुरआन के पुरातन महा विद्वान, 'सयूती' की मान्यता है कि मन-सूख आयत की संख्या—२१ है।

'फौजुल कबीर' के लेखक देहली के विद्वान शाहवली उल्लाह के मुताबिक 'सयूती' की बताई मनसूख आयत में से १९ आयत मन-सूख सिद्ध नहीं की जा सकती। कुछ मुसलमानों की राय यह हैं कि मनसूख आयत की संख्या ५०० तक है ॥मु० अली॥

चाहे जो भी हो यह, तो जाहिर है कि कुरआन की बहुत सी आयतें मनसूख हैं। लेकिन यह अल्लाह और उनकी सर्वज्ञता पर गहरा आक्षेप और दोष है, जिसे 'खबीर' (सर्वज्ञ) कहा गया है।

लेखक का अपना विचार है कि—सर्वज्ञ भगवान (अल्लाह) ऐसा नहीं कर सकता कि अपने ही कानून को फिर बदल दे। ऐसा लगता है...यह मनसूख कही जाने वाली आयेतें किसी के द्वारा मिलावट की गई है। ऐसा नहीं मानने पर खुदा के सर्वज्ञता पर आक्षेप आता है।

बागे अदन—कुरआन यह खुलासा जाहिर करता है, और तमाम मुस्लिम जमात इस पर ईमान लाता है कि—आदम को खुदा ने अदन के बाग में रखा, और एक खास वृक्ष के फल खाने से मना किया। लेकिन शैतान (इवलिग) ने आदम और हव्वा को बहकाया...और आदम ने उस वृक्ष का फल खाया, तब उसने अपने को नंगा देखा, और परदा किया अंजीर के पत्ते से दोनों ने।

लेकिन मौ० मु० अली इस पर ईमान न लाकर लिखते हैं कि—यह संसारी बाग नहीं था। अलबत्ता यह नेकी और बदी से सम्बन्ध है। यह संतोष और शान्ति का वाचक है। मौ० अशरफ अली लिखते हैं कि वहिस्त में, हाजते अस्तंजा (पैखाना जाने के बाद पानी से शुद्धी की जरुरी) और हाजते शहवत (काम वासना की जरुरत) नहीं थी इस पर इस पर कपड़े थे उतारने नहीं थे, लेकिन आदम गुनाह किया उतारा और अपना अंग देखा। मौ० सनाउल्लाह लिखते हैं कि—अदन बाग में वह दरख्त नेकी और वदी का था, जिसके खाने से अल्लाह ने मना किया था कि—खाओगे तो नाफरमानी (आज्ञा भंग करने वाला) हो जाओगे। किन्तु शैतान ने बहकाया और उसने (आदम ने) फल खा लिया, अल्लाह ने उन्हें कहा तुम दोनों इस बाग से उतरे रहो। मौ० सनाउल्लाह ने यह भी लिखा है कि—

कुरआन में यह नहीं लिखा है कि, यह बाग कहाँ था, जन्नत में या
दुनिया में, मौ० सनाउल्लाह ने बाग को भौतिक (दुनियादारी) माना
है, (तौरेत के इतिहास से) मो० मु० अली ने बाग की दुनियादारी बाग
नहीं माना है। एक अलंकार माना है।

पाठक ! आपने देख लिया कि कुरआन की 'वागेअदन' की
खींचा-तानी और ख्याली पुलाव जो हकीकत से इतनी दूर है जितने
पाकिस्तान।

पुनर्जन्म—स्वामी दयानन्द महाराज एवं आर्य समाज
के पूर्व मुसलमानों ने सभी फिर्के के लोग इस वशूल को मानते थे कि
हम न पहले कभी पैदा हुए थे, और न फिर मरने के बाद पैदा होंगे
हम पहली वार दुनिया में आये हैं।

किन्तु अब इसमें बहुत परिवर्त्तन आने लगा है। दुनिया
हर समझदार और हर तबके के लोग इस वैज्ञानिक युग में अन्धकार
(जहालत) से प्रकाश की ओर आने और इस पर विचार करने ल
गये हैं कि हकीकत क्या है।

जब कि चार साल से लेकर सात साल तक के छोटे-छ
बच्चे और बच्चियों ने अपने पहले जन्म की कहानी को बताकर
को आश्चर्य में डाल दिया है, तथा दुनिया को मजबूर कर रहा है
पुनर्जन्म (दुबारा पैदाइसी) मानने को। यू० पी० के इकवाल नि
जो एक मदरसे में पढ़ाते थे, उनके पाँच साल का एक लड़का, जो
रोज अपने वालिद के साथ मदरसे गया और पास के एक घर
प्रवेश कर गया। घर में एक पान बनाती हुई हसीन युवती को,

कहकर अचम्भे में डाल दिया कि—फातमा ! एक खिल्ली पान मेरे लिए भी लगाना। इस घटना के दरम्यान उसने अपना नाम फारूख बतलाया। लड़के ने लोगों के पूछने पर मियाँ बीबी के कुछ अन्दरूनी बातें भी बतलायी जो हकीकत पाया गया। वह लड़का उसी पान बनाने वाली युवती फातमा का शौहर था जो मरहूम हो चुका था।

इकबाल मियां ने अखबार में साया कराते हुए लिखा था कि—हालांकि इस्लाम पुनर्जन्म नहीं मानता, लेकिन यह मेरे अपने बेटे की हकीकत कहानी है, जिससे मैं इनकार नहीं कर सकता।

लेखक की आँखों देखी ताजी घटना—प० चम्पारण जिला के लौरिया सुगर मील के एक श्री रामअयोध्या राय 'केमिस्ट-इन्जिनियर' की चार साल की पुत्री ता० ६–६–८० को एक वा एक चिल्ला उठी कि मेरी माँ मर गई मैं दानापुर अपने घर जाऊंगी। यह कहकर उसने सबको आश्चर्य में डाल दिया।

११–६–८० को किये गये लेखक के प्रश्न और बच्ची के उत्तर—क्या नाम है—मुन्नी, बाप का नाम—कन्हैया बाबू—क्या करते हैं—ईंटा के ठीकेदार हैं—कहाँ घर है—दानापुर। कैसे जाना होगा—रेल से उतरकर बस से, किधर—दक्षिण—बस से कहाँ उतरना होगा ! गाछीतर पुल के पास—वहाँ से घर किधर है—दक्षिण, कैसा घर है—छतदार—तुम तुम पढ़ती थी—नहीं—क्यों—छोटो थी। वगैरह-वगैरह बातें बताई—दानापुर आदमी भेजने पर बातें सही पायी गई हैं—बच्ची डुब कर मरी है। मुस्लिम विद्वानों को पुनर्जन्म के विषय पर काफी विचार एवं चिंतन करनी चाहिए।

इस प्रकार की हजारों घटनायें दुनिया में घट चुकी हैं और आये दिन भी अखबारों में इस तरह के समाचार पाये जाते हैं। विदेशों में भी ऐसी अनेक घटनाओं को लेकर रिसर्च किया जा रहा है। एक अंग्रेज ने अपनी डायरी में लिखा है कि मैं इसके पूर्व स्त्री के रूप में था। यह है पूर्व जन्म की हकीकत।

मैं इस मसले पर ज्यादा रोशनी नहीं डालकर अपनी पाठकों की निगाह खुद कुरआन की ही कुछ आयतों की ओर खींचना चाहता हूँ। जिसे हमने कुरआन का अध्ययन करते हुए पाया है। पाठक ! पक्षपात और जहालत से ऊपर उठ कर हकीकत की नजर से देखेंगे और अमल में लायेंगे।

१–तुम में से यदि किसी को ज्यादा दिया गया है (दौलत वगैरह) तो वह उसी स्त्री और इस पुरुष का अपना कमाया है। तुम उसकी कामना (चाह) मत करो ।।सू० अन-निसा० पा० ५-आ० २३।।

पाठक ! यहाँ साफ पूर्व जन्म के कमाई का जिक्र है

२–हम उसी तरह इनके दिल और निगाह को फेर देंगे। जैसे पहली बार इमान नहीं लाये थे ।।सू०,,-पा०७-आ०२९।।

यहाँ भी पिछले जन्म का गन्ध आ रही है।

३–२–जिस प्रकार हमने (अल्लाह) प्रथम सृष्टि की रचना की है, उसी प्रकार उसकी पुनरावृति (दुबारे) फिर करेंगे ।।सू० अली अम्बिया १७-१०४ ।। यहाँ दुबारे दुनिया बनाने का जिक्र है।

४–हमने तुम्हारे बीच करने की (रीति) रिवाज ठहराई और हमारे ब[illegible] से बाहर नहीं की हम तुम्हारा आकार (शक्ल) बदल दें और ऐ[illegible]

रूप में (शक्ल में) बदल दें जिसे तुम जानते नहीं।। सू०अलवाम्वीदा पा० २७–आ०६०–६१।।

पाठक ! यहाँ इस आयत में पुनर्जन्म और जाति (योनि) बदलना दोनों का जिक्र है। और कलामें खुदा है।

